# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

जीएसटी परिषद ने दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं पर दरों में कटौती को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिससे अधिकांश वस्तुएँ और सेवाएँ सस्ती हो गई हैं। कल नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नई दरें इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिवाली का तोहफा देने के वादे को पूरा करती है। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी में सबसे बड़ी कर कटौती खाद्य पदार्थों, दवाओं, आवश्यक वस्तुओं कृषि उत्पादों हरित ऊर्जा के साथ–साथ छोटी कारों और बाइक पर की गई है। वहीं, व्यक्तिगत जीवन स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीयों पर जीएसटी की दर 18: से घटाकर शून्य कर दी गई है इस कदम से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी आम आदमी के लिए सस्ती हो जाएगी और देश में बीमा कवरेज बढ़ेगा। कैंसर और दुर्बल बीमारियों के उपचार सहित 36 जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी शून्य कर दिया गया है इसके अलावा थर्मामीटर और ग्लूकोमीटर सहित नियमित उपयोग की जाने वाले चिकित्सा वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12: से घटाकर 5: कर दी गई है। स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट और जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी की दर में कटौती स्वस्थ भारत समृद्ध भारत बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम आदमी, किसानों, एम.एस.एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय आम आदमी, छोटे कारोबारियों और निर्यातकों के लिए राहत लेकर आए हैं। समाज के लगभग सभी वर्गों ने जीएसटी परिषद के फैसले का स्वागत किया है। जौनपुर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर विवेक मिश्रा ने बताया कि सरकार के इस कदम से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसे क्षेत्रों में बड़ा परिवर्तन होने वाला है।

**जीएसटी दरों में किया गया बदलाव मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। इससे न सिर्फ निचले तपके को बहुत राहत मिलेगी, बल्कि टैक्स का भुगतान करने वाले एक बड़े मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने का कार्य सरकार ने किया है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र–गीडा में दो हजार दो सौ इक्यावन करोड़ लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने गीडा आवासीय योजना एवं औद्योगिक योजना के भूखंडों के लाभार्थियों को आवंटन–पत्र भी वितरित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के नाम पर सौ एकड़ क्षेत्रफल में एक–एक एम्प्लॉयमेंट जोन बनाएगी।

**उस एम्प्लॉयमेंट जोन के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश के नौजवान को उसकी रूचि के अनुरूप कार्य देकर के विकसित उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री जी के विजन को एक मिशन के रूप में लेकर के आगे कार्य करने जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया का सबसे अच्छा निवेश उत्तर प्रदेश के अंदर आ रहा है। उसी का परिणाम है कि साठ लाख से अधिक नौजवानों को निजी क्षेत्र में रोजगार और नौकरी के साथ जोड़ने में सफलता मिली है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश भी दिए।

**********

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे कल अयोध्या दौरे पर आएंगे। वहां के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि उनके दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**भूटान गणराज्य के माननीय प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में हो रहा है और लगभग सुबह साढ़े नौ बजे वो आएँगे उनका रेड कारपेट वेलकम यहाँ पर जो प्रोटोकॉल है उसके तहत होगा उसके पश्चात उनको हम लोग राम जन्म भूमि मंदिर में ले जाएँगे जहाँ वो दर्शन पूजन करेंगे एवं मंदिर का अवलोकन करेंगे, उसके पश्चात उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन हम लोगों द्वारा किया गया है।**

**********

प्रदेश सरकार बीते वर्ष की भांति इस साल भी अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव दो हजार पचीस' का आयोजन करेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**अयोध्या में 19 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित होगी। इस आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है। इसके तहत पूरे नगर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल और छह सितम्बर को कहीं कहीं, जबकि सात से दस सितम्बर के बीच कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

**********